दिनांक : 03 अगस्त, 2021

प्रेस विज्ञप्ति

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ

अपार हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ अपनी स्थापना के 100वें वर्ष पूर्ण करने की ओर अग्रसर है। इस प्राणि उद्यान, लखनऊ की स्थापना दिनांक 29 नवम्बर, 1921 को प्रिन्स आफ वेल्स के लखनऊ आगमन के उपलक्ष में तत्कालीन गवर्नर सर हरकोर्ट बटलर द्वारा की गयी थी। प्राणि उद्यान दिनांक 29 नवम्बर, 2021 को स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण करेगा।

इस अवसर पर पुस्तक का प्रकाशन भी किया जायेगा। इस पुस्तक में पुराने दुर्लभ चित्र, टिकट, संस्मरण, समाचार–पत्र की कटिंग आदि का भी समावेश किया जायेगा। किसी के पास भी इस प्रकार की दुर्लभ सामग्री, संस्मरण, चित्र इत्यादि दिनांक 30 अगस्त, 2021 तक कार्यालय लखनऊ प्राणि उद्यान अथवा प्राणि उद्यान की ई–मेल lucknowzoo@gmail.com पर भेजने का कष्ट करें, जिससे प्राणि उद्यान द्वारा मनाये जाने वाले वन्य प्राणि सप्ताह (01–07 अक्टूबर, 2021) के दौरान लगायी जाने वाली प्रदर्शनी में सम्मिलित किया जा सके। इस सम्बन्ध में यदि किसी भी प्रकार की कोई जानकारी लेने हेतु श्री अभिषेक दुबे, शिक्षा अधिकारी, प्राणि उद्यान, लखनऊ के मोबाइल नम्बर–8005493607 पर सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

(–ह0–)
(राजेन्द्र कुमार सिंह)
निदेशक
नवाब वाजिद अली शाह
प्राणि उद्यान, लखनऊ